PART-**1**

पुनर्जागरण काल के भूगोलवेत्ता:- फिलिप क्लूवेरियस

डॉ. राजेश कुमार सिंह, भूगोल

सर्व नारायण सिंह राम कुमार सिंह महाविद्यालय, सहरसा

पुनर्जागरण काल के भूगोलवेत्ता (Geographers of Renaissance Period)

4. फिलिप क्लूवेरियस (Philip Cluverius)

जर्मन लेखक क्लूवेरियस युवावस्था में 12 वर्षों तक (1601-13) जर्मनी के बाहर भ्रमण और सैनिक अभियान में लगा रहा। उसने पश्चिंमी यूरोपीय देशों तथा पश्चिमी द्वीप समूह की यात्रा की थी। वह 1615 से 1622 (मृत्यु) तक भुगोल सम्बन्धी लेखन कार्य करता रहा। क्लूवेरियस ने 'विश्व भूगोल का परिचय' (An Introduction to Universal Geography) नामक ग्रंथ लैटिन भाषा में लिखा था जो छः खण्डों में 1616 से लेकर 1624 तक प्रकाशित हुई थी। इसका अंतिम (छठाँ) अंक उसकी मृत्यु (1622) के पश्चात 1624 में प्रकाशित हुआ था। इसके प्रथम खण्ड में पृथ्वी का सामान्य विवरण तथा शेष पाँच खण्डों में यूरोप, उत्तरी

अफ्रीका, पश्चिमी एशिया और अन्य प्रदेशों का भौगोलिक विवरण दिया गया है।